सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 284 | इंदौर, शुक्रवार 26 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. NIA: लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के मुख्य आरोपी का पाकिस्तान से क्या कनेक्शन? ऐसे चढ़ा एनआईए के हत्थे
2. IPL 2024: बतौर ओपनर विराट कोहली का बड़ा कारनामा, आईपीएल में पूरे किए 4000 रन, धवन-वॉर्नर के क्लब में बनाई जगह
3. Chardham Yatra 2024: धार्मिक स्थलों का सुरक्षा ऑडिट कर धामों की होगी कड़ी सुरक्षा, एंटी सबोटाज से होगी चेकिंग
4. UP: चलती कार में लगी आग, मां और ढाई माह का बेटा जिंदा जले, पति की हालत नाजुक; मथुरा दर्शन के लिए जा रहे थे
5. Sopore Encounter: सोपोर में मुठभेड़ दूसरे दिन भी जारी, दो दहशतगर्द ढेर, एक नागरिक और जवान घायल

लोकसभा चुनाव

# दूसरे चरण में वोटिंग जारी

## एमपी की 6 सीटों पर 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर आज सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया। इस चरण में होशंगाबाद, रीवा, सतना, खजुराहो, दमोह और टीकमगढ़ लोकसभा सीट पर मतदान होगा। 6 सीटों पर 80 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।**

यहां एक करोड़ 11 लाख 62 हजार 460 मतदाता अपना सांसद चुनने के लिए वोट करेंगे। पहले चरण में हुए कम मतदान को देखते हुए चुनाव आयोग का फोकस दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर है।

### भड़के पूर्व मंत्री मलैया

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की 6 सीटों सतना, रीवा, दमोह, खजुराहो, टीकमगढ़ और होशंगाबाद पर वोटिंग हो रही है। पूर्व मंत्री जयंत मलैया दमोह में मतदान करने पहुंचे तब मतदान शुरू नहीं हुआ था। इस पर मलैया भड़क गए।

### वीडी शर्मा भी हुए नाराज

खजुराहो में देर से मतदान शुरू होने पर भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा नाराज हो गए। नर्मदापुरम के



सिवनी मालवा में पुलिस और बीएलओ के बीच बहस हो गई। इधर, सतना में कुछ बूथ पर ईवीएम में खराबी आने की सूचना है।

### जिनके यहां शादी वे लाइन में नहीं लगेंगे

सेकंड फेज की इन 6 सीटों पर 1 करोड़ 11 लाख 62 हजार 460 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। जिनके घर शादी का कार्यक्रम है, वे मतदाता बिना लाइन में लगे वोट कर सकेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चलेगा।

### सबसे ज्यादा उम्मीदवार यहां

दूसरे चरण में 6 सीटों पर कुल 80 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे ज्यादा उम्मीदवार सतना लोकसभा सीट पर 19 हैं। वहीं, सबसे कम 7 उम्मीदवार टीकमगढ़ लोकसभा सीट पर हैं। दूसरे चरण की 6 सीटों में 13 जिलों के 47 विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

### इतने कर्मचारी तैनात

चुनाव के लिए 51 हजार 312 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। सभी सीटों के लिए 12 हजार 828 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें संवेदनशील बूथ 2,865 और अति संवेदनशील बूथ 178 हैं।

एमपी में अब क्रूज टूरिज्म

# दो फ्लोटिंग जेटी मिली, नर्मदा नदी पर क्रूज से तय होगा 120 किमी सफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। एमपी में क्रूज टूरिज्म को स्पीड देने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) एवं गुजरात सरकार के साथ एमओयू साइन किए हैं। इसके तहत (आईडब्ल्यूएआई) ने दो फ्लोटिंग जेटी (पोंटून) कोलकाता से प्रदेश के कुक्षी में भेजे हैं। यह पोंटून क्रूज के टर्मिनल के रूप में इस्तेमाल होंगे।**

टूरिज्म बोर्ड प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रूज टूरिज्म की पहल कर रहा है। यह क्रूज ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम (स्टैच्यू ऑफ वननेस) से गुजरात के केवड़िया में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक संचालित किया जाना प्रस्तावित है। प्राधिकरण के नोएडा स्थित हेड ऑफिस में हुए एमओयू के अनुसार कहअक द्वारा मध्यप्रदेश और गुजरात को दो-दो फ्लोटिंग जेटी दी जाएगी। जिसमें से मध्यप्रदेश को यह जेटी पहुंचाई जा चुकी है।

### बिना किसी रूकावट के पहुंच सकेंगे

अनुबंध होने से मध्यप्रदेश और गुजरात के बीच नर्मदा नदी पर बिना किसी बाधा के क्रूज का आवागमन तय होगा। अनुबंध के दौरान आईडब्ल्यूएआई के चेयरमैन विजय कुमार और पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस दौरान सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड के प्रबंध संचालक मुकेश पुरी, संयुक्त प्रबंध संचालक सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड उदित अग्रवाल भी उपस्थित थे।

### 120 किमी का रूट तैयार किया

प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया, केवड़िया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से लेकर चंदनखेड़ी कुक्षी तक कुल 120 किमी तक के रूट चिह्नित किया गया है। कुक्षी से पर्यटकों को सड़क मार्ग के माध्यम से ओंकारेश्वर में स्थित स्टैच्यू ऑफ वननेस तक ले जाएंगे। रास्ते में उन्हें महेश्वर, मंडलेश्वर एवं मांडू भ्रमण भी करवाया जाएगा। इसके लिए चार जेटी स्थापित की जाएगी। दो मध्यप्रदेश के चंदनखेड़ी-कुक्षी, एवं सकरजा-अलीराजपुर और दो गुजरात के हनफेश्वर-छोटा उदयपुर एवं स्टैच्यू ऑफ यूनिटी-केवड़िया में स्थापित की जाएगी। क्रूज पर्यटन के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाएं एवं अन्य सुविधाएं राज्य शासन द्वारा विकसित की जाएंगी। उक्त क्षेत्र में आर्थिक विकास होगा और स्थानीय समुदाय तक व्यापक लाभ पहुंचेगा।

### पर्यटकों को मिलेंगे नए अनुभव

टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नवाचार किए जा रहे हैं। इसके तहत क्रूज टूरिज्म की शुरूआत की जा रही है। क्रूज पर्यटन से न सिर्फ पर्यटन को नए पंख लगेंगे। साथ ही पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति, परंपराओं, जीवनशैली और व्यंजनों का आनंद लेने का मौका मिलेगा। नर्मदा नदी के सुरम्य परिदृश्यों के बीच रोमांच एवं आरामदायक सफर तय होगा।

### घाट किनारे स्थापित होंगे पोंटून

पोंटून पानी में तैरने वाला एक प्लेटफॉर्म है। जिसे घाट पर या किनारे पर स्थापित किया जाता है। यह डूबता नहीं है और एकसाथ कई लोगों का वजन उठा सकता है। इसके माध्यम से पर्यटक क्रूज पर सुरक्षित एवं आरामदायक रूप से आवागमन कर सकेंगे।

# एमजीएम के कॉलेज के 94 स्टूडेंट्स को फिर देनी होगी एक्जाम

## एक हफ्ते में प्रेक्टिकल एक्जाम कराने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस (सर्जरी) फाइनल ईयर के 94 स्टूडेंट्स को फिर से प्रेक्टिकल एक्जाम देनी होगी। मप्र मेडिकल मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर (टढटरव) ने इस मामले में निर्देश दिए हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज को यह एक्जाम एक हफ्ते में करानी होगी।**

यह मामला 15 दिनों से गमार्या हुआ है। दरअसल फाइनल ईयर के 170 स्टूडेंट्स में से 41 स्टूडेंट्स फेल हो गए हैं। इसे लेकर पिछले दिनों एबीवीपी ने कॉलेज में प्रदर्शन कर जांच की मांग की थी। इस पर कॉलेज प्रबंधन ने एक कमेटी बनाकर रिजल्ट को रिवाइस किया था। इसमें पता चला था कि कुल टोटल में एक सेक्शन के नंबर गिने ही नहीं गए थे। यह सेक्शन 15 नंबरों का था। इसकी रिपोर्ट जबलपुर यूनिवर्सिटी को भेज दी गई थी। वहां कमेटी ने इसका अध्ययन किया।

इसमें पता चला कि रिवाइस प्रोसेस में 41 फेल स्टूडेंट्स सहित 94 स्टूडेंट्स के नंबर बढ़ गए हैं। इस पर जबलपुर यूनिवर्सिटी ने इसे मान्य नहीं किया और दोबारा प्रेक्टिकल एक्जाम कराने के निर्देश दिए। खास बात यह है कि इनमें से जो स्टूडेंट्स एक्जाम नहीं देते हैं तो उनके पुराने रिजल्ट के नंबर ही मान्य होंगे। यानी पुराने एक्जाम जो फेल था वह फेल ही रहेगा और पास होने में जिस स्टूडेंट्स को जितने नंबर मिले थे, उतने ही गिने जाएंगे। अभी एक्जाम की तारीख तय नहीं की गई है।

गौरतलब है कि इस मामले को लेकर कॉलेज के सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. मनीष कौशल का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें रिजल्ट में नंबर बढ़ाने, कम करने को लेकर बात चल रही थी। डॉ. कौशल ने इसे फेब्रिकेटेड बताया है। साथ इसकी जांच को लेकर डॉ. कौशल बुधवार को पुलिस को आवेदन दिया है।

# स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठा अवार्ड समारोह 28 अप्रैल को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सामाजिक एवं कला संस्था सत्कार कला केन्द्र का स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठा अवार्ड समारोह 2024 का आयोजन 28 अप्रैल रविवार की शाम को 5.30 बजे से इंदौर प्रेस क्लब सभागृह में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल और प्रभारी एवं महासचिव कैलाश मुन्शी ने बताया कि इस मौके पर 16 पैरा मेडिकल प्रेरको को अवार्ड प्रदान किये जायेंगे। संस्था के संगठन मंत्री पुरुषोत्तम**

वाघमारे ने बताया कि यह समारोह पूर्व चीफजस्टिस एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल वी, एस, कोकजे के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता करेंगे शासकीय मेडिकल कालेज नीमच के डीन डॉ, अरविंद घनघोरिया। इस मौके पर संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. सरिता राव हास्पिटल्स मे पैरामेडिकल स्टाफ़ की महती भूमिका पर प्रकाश डालेगी।

# योग केन्द्रों के साधकों को भेंट करेगा मिट्टी के सकोरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र द्वारा शहर में चलाए जा रहे 14 योग केन्द्रों पर इस ग्रीष्म काल में मूक परिंदों के लिए मिट्टी के सकोरे बांटने के अभियान का श्रीगणेश ईश कृपा गार्डन से किया गया। संयोगवश अब बुधवार को अन्नपूर्णा योग केन्द्र की स्थापना को एक वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है, वहीं बहुत जल्द एक नया केन्द्र देव गुराड़िया स्थित अखंड परम विहार कालोनी पर प्रारंभ होने वाला है। पक्षियों के लिए सोकेरे बांटने का अभियान पूरे एक सप्ताह तक चलेगा। शहर में वर्तमान में 14 योग केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से अब यह निर्णय लिया गया है कि योग केन्द्रों के माध्यम से मूक परिंदों की सेवा के लिए ग्रीष्म काल में दाना-पानी रखने हेतु सकोरों का निःशुल्क वितरण किया जाए। लिहाजा इसका शुभारंभ ईश कृपा गार्डन से किया गया है। अगले एक सप्ताह में अन्नपूर्णा मंदिर, गीता भवन, बाबाश्री गार्डन चिन्मय मिशन, अखंड धाम, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, हरि पब्लिक स्कूल सहित अन्य सभी केन्द्रों पर लगभग 1100 सकोरे बांटने का लक्ष्य रखा गया है।

# दो साल से बिल नहीं छप रहे, फिर भी मतदान का संदेश अंकित करेगी बिजली कंपनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने दावा किया है कि मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करने का काम वह अपने बिलों के जरिए करेगी। कंपनी ने घोषणा की है कि अप्रैल माह में जारी होने वाले सभी बिजली बिलों पर मतदान करने की अपील के विज्ञापन छापे जाएंगे। एक अप्रैल से 24 अप्रैल के बीच जारी होने वाले बिलों पर ये विज्ञापन जारी होंगे। ये बात अलग है कि बिजली कंपनी दो वर्षों से बिजली के बिल ही नहीं छाप रही है।**

भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुसार, बिजली कंपनी ने बिलों पर मतदान की अपील छापने की बात कही है। बिजली कंपनी का दावा है कि 35 लाख से ज्यादा बिजली बिलों पर यह अपील छापी जाएगी। हालांकि बिजली कंपनी के इस दावे पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। कम से कम दो वर्ष से बिजली कंपनी ने बिल छापना ही बंद कर दिया है। उपभोक्ताओं की तमाम आपत्तियों के बावजूद कंपनी छपे हुए बिल ही नहीं दे रही। पहले इंदौर शहर में यह व्यवस्था लागू की थी। बाद में उसे पूरे उज्जैन-इंदौर संभाग के जिलों में लागू कर दिया। ज्यादातर उपभोक्ताओं के पास सिर्फ मासिक देयक के एसएमएस ही पहुंच रहे हैं। हालांकि बिजली कंपनी सफाई दे रही है कि उपभोक्ताओं को वाटसएप पर पीडीएफ भेजी जा रही है। ऐसे में इस पीडीएफ फार्मेट में अपील छापी जाएगी। हालांकि पीडीएफ कितने उपभोक्ताओं को मोबाइल पर पहुंच रही है इसका सही-सही आंकड़ा बिजली कंपनी के पास नहीं है। और तो और जोनों से शिकायत मिल रही है कि उन्हें कंपनी कागज ही नहीं दे रही कि वे उपभोक्ता के मांगने पर खिड़की से ही बिल प्रिंट कर दे दें।

इस बीच गर्मियों में इंदौर में बिजली गुल होने की शिकायतें बढ़ रही है। गुरुवार को मालवा मिल जोन, इलैक्ट्रानिक काम्प्लेक्स जोन से लगे क्षेत्रों नंदा नगर, परदेशीपुरा, जनता क्वाटर्स, क्लर्क कालोनी जैसे तमाम क्षेत्रों में सुबह से बिजली गुल हो गई। तीन घंटे में क्षेत्र में पांच से छह बार बिजली गुल हुई। कंपनी क्षेत्र में केबल फाल्ट होने की बात कर रही है। एक दिन पहले मालवीय नगर व आसपास के क्षेत्रों में पांच घंटे से ज्यादा बिजली गुल रही।

# शिविर एक और दो मई को

इंदौर। रॉबर्ट्स नर्सिंग होम इंदौर में 1 एवं 2 मई 2024 को रोटरी क्लब ऑफ इंदौर के सहयोग से पाइल्स एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु शिविर आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में ऑपरेशन रियायती दरों होंगे। शहर के प्रसिद्ध एवं अनुभवी सर्जन डॉ. अपूर्व चौधरी, डॉ. प्रणव मंडोवरा एवं डॉ. संजय हवलदार द्वारा ऑपरेशन्स किये जायेंगे। नर्सिंग होम के मानद सचिव डॉ. विजयसेन यशलाहा ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 07313695090, 07313695087 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 मई से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा एवं महाराजा अग्रसेन सभा की मेजबानी में मां अहिल्या की नगरी में दो दिवसीय उच्च शिक्षित युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 4 एवं 5 मई को राजीव गांधी चौराहा स्थित मीरा गार्डन पर आयोजित किया जाएगा। मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा एवं महाराजा अग्रसेन सभा संरक्षक गोविंद गोयल, विष्णु बिंदल (भोपाल) एवं अध्यक्ष पूनम गर्ग ने बताया कि सभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिचय सम्मेलन का यह 13 वां वर्ष है। सभा द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन में इन्दौर सहित अन्य राज्यों के प्रत्याशियों की 750 से अधिक प्रविष्टियां भी प्राप्त हो चुकी हैं परिचय सम्मेलन के लिए 800 प्रविष्टियां का लक्ष्य रखा गया था। परिचय सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा एक बहुरंगी स्मारिका का विमोचन भी इस दौरान किया जाएगा। जिसमें अग्रवाल समाज के उच्च शिक्षित युवक-युवती की फोटोमय जानकारी उपलब्ध रही है। परिचय सम्मेलन के लिए इन्दौर सहित अन्य राज्यों में भी केंद्र बनाकर सभा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। राजेंद्र गर्ग (समर्पण ज्वेलर्स) ने बताया कि दो दिवसीय परिचय सम्मेलन के लिए सभा द्वारा बैठकों का दौर जारी है। परिचय सम्मेलन में सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही है। असावा चैंबर में नियमित रूप से आयोजित बैठक के दौरान सभी पदाधिकारी अपने सुझाव भी दे रहे हैं। बैठक में सुरेश अग्रवाल, गयाप्रसाद तायल, विष्णु अग्रवाल, पदम जैन, केपी अग्रवाल, महावीर गर्ग, उर्मिला अग्रवाल, मनीष खंजाची, हरिशचंद्र अग्रवाल (महू), नीतेश अग्रवाल, ओम जिंदल, अजय अग्रवाल, किरण तायल, चंचल अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल सहित अन्य समाज बंधु मौजूद थे।

# निगम द्वारा शहर में क्रूड ऑयल का छिड़काव एवं फागिंग

### संक्रामक बीमारी एवं मच्छरो की रोकथाम हेतु अभियान जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार ग्रीष्मकाल के दौरान शहर के नदी-नाला सफाई कार्य के साथ ही ग्रीष्मकाल के दौरान संक्रामक बीमारियों के रोकथाम के लिये नालो में कुरड ऑयल का छिडकाव एवं मच्छरो के रोकथाम के लिये फांगिग मशीन के माध्यम से स्प्रे किया जा रहा है।**

आयुक्त श्री वर्मा के निर्देशानुसार निगम के मलेरिया व स्वास्थ्य विभाग द्वारा झोन क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 07 में जनता कालोनी, पिलिया खाल नाला, सुभाष नगर, भागीरथपुरा, शंकरगंज नाले में कुरड ऑयल का छिडकाव किया गया। इसके साथ ही मलेरिया विभाग द्वारा मच्छरो के रोकथाम के लिये टीम के माध्यम से झोन क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 06 विध्यांचल नगर, वार्ड क्रमांक 70 हरिओम नगर, वार्ड क्रमांक 69 समाजवाद नगर, वार्ड क्रमांक 67 में जयरामपुर कालोनी, रेसीडेंसी कालोनी क्षेत्र, रेडियो कालोनी, झोन क्रमांक 04 वार्ड क्रमांक 11 भागीरथपुरा, नई बस्ती, रेडवाल कालोनी, यादव कालोनी, लक्ष्मीबाई नगर, जल्ला कालोनी, ममता कालोनी, बडवाली चौकी, खजराना थाना क्षेत्र, पुलिस लाईन, सकीना महल क्षेत्र, जजेस कालोनी एवं अन्य क्षेत्रो में फांगिग किया गया। इसके साथ ही निगम मलेरिया विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रो में मच्छरो के रोकथाम के लिये अलग-अलग टीम के माध्यम से फांगिग अभियान जारी है।

# अभिभाषकों को संभवतः मई में सीओपी सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस प्रमाण पत्र मिलेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि अखिल भारतीय बार परीक्षा एआईबीई-17 उत्तीर्ण करने वाले अभिभाषकों के उडढ ह्रसर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस सम्बन्धित राज्य अधिवक्ता परिषदों को भेज दिए गए हैं। एआईबीइ - 17 उत्तीर्ण करने वाले अभिभाषकों को सम्बन्धित राज्य अधिवक्ता परिषद शीघ्र ही बार कौंसिल आफ इंडिया द्वारा जारी सीपीओ सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस प्रेषित करेंगी।

गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि वर्ष 2009-10 के शैक्षणिक सत्र या उसके बाद के सत्र में विधि स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले व्यक्ति जब विधि व्यवसाय करने के लिए राज्य अधिवक्ता परिषद की सदस्यता ग्रहण करने के लिए परिषद को अपने आवेदन पत्र प्रेषित करते हैं तो परिषद उन्हें प्रावधिक नामांकन प्रमाण- पत्र जारी कर दो वर्ष के लिए अस्थाई रूप से विधि व्यवसाय करने की अनुमति प्रदान कर देती है। लेकिन ऐसे सभी लोगों को नामांकन दिनांक से दो-वर्ष की निर्धारित समय सीमा में बार कौसिल आफ इंडिया द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बार परीक्षा एआईबीइ उत्तीर्ण करना जरूरी होता है।जो व्यक्ति दो वर्ष की समय-सीमा में परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाते हैं उन्हें पुनः प्रावधिक नामांकन प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता है और उन्हें अपना विधि व्यवसाय बन्द करना पड़ता है।

# 37 दिन में 244 करोड़ से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 22 अप्रैल तक प्रदेश में 19 करोड़ 54 लाख 85 हजार 81 रुपये नगद राशि सहित 244 करोड़ 55 लाख 10 हजार 762 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी है।**

गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन-2019 में आदर्श आचरण संहिता के दौरान 85 करोड़ 12 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी थीं। लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता अवधि में मात्र 37 दिन में ही गत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक मूल्य की विभिन्न अवांछित सामग्री की जब्ती की जा चुकी हैं। 22 अप्रैल तक 22 लाख 72 हजार 657 लीटर से अधिक मदिरा भी जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 33 करोड़ 77 लाख 34 हजार 911 रुपये है। इसी तरह 22 करोड़ 23 लाख 46 हजार 953 रुपये मूल्य के 16 हजार 715 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 11 करोड़ 59 लाख 64 हजार 619 रुपये मूल्य की 2 हजार 144 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। साथ ही 157 करोड़ 39 लाख 79 हजार 198 रुपये मूल्य की अन्य मूल्यवान सामग्री भी जब्त की गई हैं।

# भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक डॉ. आर. सेल्वाराज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे

## निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक डॉ. आर. सेल्वाराज आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहाँ उन्होंने लोकसभा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह, अपर कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी भी उनके साथ थे।**





प्रेक्षक डॉ. सेल्वाराज इंदौर पहुंचने के बाद आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। यहाँ वे रिटर्निंग कक्ष में गये। रिटर्निंग कक्ष में उन्होंने नाम निर्देशन पत्र जमा करने संबंधी व्यवस्थाओं को देखा। यहाँ उन्होंने नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रगति की जानकारी ली। इसके पश्चात वे शिकायतों के निराकरण के लिए गठित शिकायत निवारण प्रकोष्ठ पहुंचे। यहाँ उन्होंने लोकसभा निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निराकरण संबंधी व्यवस्थाएं देखी। इस अवसर पर उन्हें बताया गया कि सी-विजिल, ई-मेल, टेलिफोनिक तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की व्यवस्थाएं की गई है। समय सीमा में शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने निर्वाचन संबंधी अनुमतियां दी जाने की व्यवस्थाओं को भी देखा।

**मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ का किया निरीक्षण-** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक डॉ. आर. सेल्वाराज ने आज मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह भी उनके साथ थे। प्रेक्षक डॉ. सेल्वाराज ने यहाँ मीडिया सर्टिफिकेशन , इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट तथा सोशल मीडिया निगरानी दल से चर्चा कर निगरानी कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर संयुक्त संचालक जनसम्पर्क तथा नोडल अधिकारी डॉ. आर.आर. पटेल ने मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि यह प्रकोष्ठ निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निदेशों के अनुसार संचालित किया जा रहा है। इस प्रकोष्ठ में 247 लगातार मीडिया सर्टिफिकेशन , इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट तथा सोशल मीडिया निगरानी का कार्य हो रहा है। इसके लिए विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों सहित विशेषज्ञो को तैनात किया गया है। डॉ.आर. सेल्वाराज ने प्रकोष्ठ की विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों से चर्चा कर उनके द्वारा निगरानी और सर्टिफिकेशन के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने प्रकोष्ठ के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि निगरानी की पुख्ता व्यवस्थाएं है, निश्चित ही लोकसभा निर्वाचन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से सम्पन्न होगा।

# बोरवेल खुले मिले तो मालिक के विरूद्ध होगी एफआईआर दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **इंदौर जिले में अनुपयोगी सूखे बोरवेल को बंद करवाने के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही की गई है। जिले में पिछले दिनों एक अभियान चलाकर 390 बोरवेल बंद करवाये गये है। चेतावनी दी गई है कि अगर कहीं बोरवेल खुले पाये जायेगें तो संबंधित मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।**

उल्लेखनीय है कि रीवा जिले में पिछले दिनों अनुपयोगी बोरवेल में मासूम बच्चे के गिरने की हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर अनुपयोगी बोरिंग को बंद करवाए जाने का अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत जिले में अब तक अनुपयोगी 390 बारेवले बंद करवाए गए है। जिला पंचायत इन्दौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जनपद पंचायतो को क्षेत्र में सूखे बोरवेल की पहचान कर इन्हे विभिन्न उपायो से सुरक्षित कवर करवाने के लिये निर्देशित किया गया था। इन्दौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सहायक अभियंता एवं उपयंत्रियो के दल द्वारा गत 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्रामीण क्षेत्रो में निरीक्षण किया गया। 390 सूखे बोरवेल खुले पाये गये। इन सभी बोरवेल को बंद करवाने की कार्यवाही की गई।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हो रहे है लगातार नवाचार

## स्वाद के साथ सेहत को लेकर की जा रही प्रतियोगिताओं से महिलाओं को दिया जा रहा है मतदान का संदेश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में मतदाता जागरूकता के लिए लगातार नवाचार किये जा रहे है। इसी के तहत महिला मतदाता जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में महिला मतदाताओं को जागरूक करने की अनूठी पहल के तहत श्री अन्न (मिलेट्स) पर आधारित स्वाद के साथ सेहत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। जिला पंचायत के सीईओ तथा जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार हर संभव प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में महिला मतदाताओं के लिए गाँव-गाँव में श्री अन्न (मिलेट्स) पर आधारित स्वाद के साथ सेहत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में महिलाएं हिस्सा ले रही है। इन्हें जहां एक ओर स्वाद के साथ सेहत का महत्व बताया जा रहा है, दूसरी ओर उन्हें लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए मतदान की महत्ता भी बताई जा रही है। महिलाओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे 13 मई को मतदान जरूर करे। उन्हें मतदान की शपथ भी दिलाई जा रही है। श्री अन्न (मिलेट्स) स्वाद के साथ सेहत प्रतियोगिता 2024 में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, रसोइयों, अध्यापकों ग्रामीण महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जा रहा है।



# मतदान का प्रतिशत बढ़ाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बीएलओ होगें पुरस्कृत

**इंदौर**। जिले में लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के निर्देशन में लगातार नवाचार और अनूठी पहल हो रही है।

इसी के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को पुरस्कृत किया जायेगा। बीएलओ को आँगनवाडी कार्यकर्ता और सहयोगियों के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए निमंत्रित करने के निर्देश दिये गये है। जिला पंचायत के सीईओ तथा स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि इस संबंध में गत दिवस बूथ लेवल अधिकारी(बीएलओ) की बैठक ली गई। बैठक में उन्हें मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में विस्तार से दिशा-निर्देश दिये गये। बताया गया कि मतदान केन्द्रों पर गर्मी को देखते हुये मतदाताओं की सुविधाओं के लिए अनेक व्यवस्थाएं की जायेगी। इनमे मुख्य रूप से छाया, पानी, बैठक व्यवस्था आदि के बेहतर इंतजाम रहेंगे। सीईओ जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये बीएलओ अपने क्षेत्र के सभी घरो में सम्पर्क करें। अगले 7 दिवस में सम्पर्क कर मतदान हेतु प्रेरित करें। तत्पश्चात भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतदाता पहचान पर्ची का शत प्रतिशत वितरण भी सुनिश्चित करें। आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं अन्य सहयोगियों के साथ मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिये निमंत्रित करें। सभी बीएलओ अपने क्षेत्र में मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं का प्रचार-प्रसार करें। कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे।

# नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार शिविर 28 अप्रैल को

**इन्दौर।** चोइथराम अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र एवं विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजन 28 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 2.30 बजे तक स्थान 4/6, कान्य कुब्ज भवन, राठौर मांगलिक भवन के सामने, नार्थ राजमोहल्ला, अंतिम चौराहा पर होगा। इसमें हृदय रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, नाक-कान एवं गला रोग, आहार संबंधित रोग के अनुभवी और विशेषज्ञ शिविर में मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण करेंगे। साथ ही ब्लड शुगर, बल्ड प्रेशर, ईसीजी की जांचे नि:शुल्क की जाएंगी। संस्था की प्रमुख डिंपल शर्मा ने बताया कि इस मौके पर परीक्षण के बाद नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। इसमें नाक कान, गला रोड विशेषज्ञ डॉ. श्रीकांत फाटक, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज दुबे, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. सोहिनी सरकार, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रितु बंसल मंगल और आहार विशेषज्ञ विभूति त्रिवेदी आदि डॉक्टरों की टीम शामिल होगी।

# धमाके से उड़ी गोदाम की छत, आसपास के घर दरके

## 5 किमी दूर तक सुनाई दी गूंज, मौके से शव और बम के खोखे मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में एक कबाड़खाने के गोदाम में तेज धमाका हुआ। गूंज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। लोगों का कहना है कि उन्हें पहले लगा कि भूकंप आया है। घरों से बाहर निकले तो गोदाम से आग का गुबार उठ रहा था। घटना जबलपुर से 20 किलोमीटर दूर खजरी-खिरिया बाइपास के पास बुधवार दोपहर 12 बजे की है।**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाली दुबे और आधारताल थाने से बल मौके पर पहुंचा। फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस को भी बुलाया गया। मलबे से एक शव बरामद हुआ है। पहचान कराई जा रही है। बम के खोखे भी मिले हैं। कबाड़खाने का मालिक शमीम फरार है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, घटनास्थल पर आग फैली हुई है। पूरा क्षेत्र गर्म है। फायर ब्रिगेड की टीम कूलिंग का काम कर रही है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। धमाके से आसपास के घरों की दीवारों तक में दरारें आ गई हैं।

### कलेक्टर बोले- कुछ लोगों की मौत की सूचना, संख्या कितनी, कहना मुश्किल

जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव भी मौके पर पहुंचीं। कलेक्टर ने बताया कि बड़ा विस्फोट हुआ है। गोदाम की छत उड़ गई है। आसपास के घरों की दीवारें दरक गईं। कुछ लोगों की मौत की सूचना मिल रही है, संख्या कितनी है? अभी यह कहना मुश्किल है।

### हिस्ट्रीशीटर का है गोदाम

गोदाम शमीम कबाड़ी का है। वह हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। पुलिस ने कुछ महीने पहले ही उसके बाइपास स्थित अवैध रूप से बने आलीशान मकान को तोड़ने की कार्रवाई की थी। संदेह जताया जा रहा है कि आयुध निमार्णी खमरिया से लाए गोला बारूद या फिर लोहा काटने वाले गैस सिलेंडर में लगी आग के कारण हादसा हुआ होगा। जांच के लिए एफएसएल और बीडीएस की टीम भी मौके पर बुलाई जा रही है।

### स्क्रैप मटीरियल से ब्लास्ट की आशंका

कबाड़खाना 5 हजार स्क्वायर फीट एरिया में फैला हुआ है। यह कबाड़खाना जिस जमीन पर बना है, वो सरकारी है या निजी, इसकी जांच के लिए आधारताल तहसीलदार और पटवारी को कहा गया है। शमीम कबाड़ी और उसके गुर्गे इस कबाड़खाने को लंबे समय से संचालित कर रहे थे। मौके से बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा संस्थान ओएफके में बनने वाले बम के खोखे भी मिले हैं। पूछताछ के दौरान कबाड़खाने में काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि बम के स्क्रैप नीलामी में आयुध निमार्णी फैक्ट्री से खरीदे गए थे। मौके पर 200 से अधिक बम के खोखे मिले हैं।

# स्ट्रीट डॉग को नाले में डुबो-डुबोकर मार डाला

## पैर बांधकर घसीटा, लोगों से बोला- 50 रु. लेकर पुलिस छोड़ देगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में एक युवक ने स्ट्रीट डॉग को बेदर्दी से मार डाला। उसने पहले तो सड़क पर घूम रहे कुत्ते को पकड़ा, फिर रस्सी से चारों पैर बांध दिए, इसके बाद नाले तक घसीटता हुआ ले गया। कुत्ते को पानी में बार-बार तब तक डुबोया, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। इसके बाद घसीटते हुए सड़क किनारे फेंक दिया।

घटना 22 अप्रैल की रात 10 बजे की है। लोग आरोपी से बात करने उसके घर पहुंचे। आरोपी धमकाते हुए बोला पुलिस 50 रुपए लेकर उसे छोड़ देगी। उसने अपने दोस्त को कॉल लगाकर बुला लिया। दोस्त ने लोगों धमकाया। कहा कि जाकर शिकायत टीआई से कर दो। हमने मार डाला है। दो दिन बाद गुरवार सुबह 4 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए निकले स्थानीय लोग एकजुट होकर विजयनगर थाने पहुंचे। पुलिस को वीडियो देकर शिकायत दर्ज कराई। आरोपी मोहित लखेरा उर्फ सोनू शहर के नब्बे क्वार्टर का रहने वाला है। वीडियो किसी राहगीर ने बनाया था।

**आरोपी बोला- मेरी इच्छा हुई, इसलिए मार डाला-** नब्बे क्वार्टर में रहने वाले प्रलव पचौरी ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग जब आरोपी सोनू के घर बात करने पहुंचे तो वह भड़क गया। बोला कि मेरी इच्छा हुई, इसलिए मार डाला। जहां शिकायत करना है, कर दो, 50 रुपए पुलिस को देंगे तो वो छोड़ देंगी। आरोपी ने दोस्त अंकित को फोन लगाकर मौके पर बुला लिया। अंकित ने आकर लोगों से गाली - गलौज की। उसका कहना था कि उसे किसी से कोई बात नहीं करनी है। हमने मारा है, हत्या का एक्ट है, कानून है, तो जाकर विजयनगर थाने में कर दो शिकायत, मैं टीआई से बात कर लूंगा।

# 9 साल की बच्ची से रेप के बाद गला घोंटा

## आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम, आंगन में मिली थी लाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा।** रीवा में 9 साल की बच्ची की रेप के बाद गला घोंटकर हत्या के विरोध में गुरुवार को चक्काजाम कर दिया गया। परिवार और बच्ची के मोहल्ले के लोग जवा चौराहे पर शव रखकर बैठ गए। बच्ची के शव को आज पोस्टमॉर्टम के बाद परिवार को सौंपा गया था। परिवार और लोगों की मांग है कि आरोपी को जल्द पकड़ा जाए। पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। दोपहर 12 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक प्रदर्शन चला। पुलिस ने बताया कि संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। एफएसएल टीम ने भी जांच की है। एएसपी विवेक कुमार लाल का कहना है कि घटना का खुलासा जल्द हो जाएगा। संभवतः आरोपी कोई परिचित का व्यक्ति है, इसलिए दुष्कृत्य करने के बाद बच्ची की हत्या कर दी। बच्ची का शव घर के आंगन में मिला था।

### भाई के साथ आंगन में सोई थी बच्ची

मामला रीवा जिले के तराई अंचल का है। मंगलवार रात 9 साल की बच्ची भाई के साथ घर के आंगन में सोई थी। मां को बुखार होने की वजह से वह कमरे में सो रही थी। दो बहनें भी कमरे में सो रहीं थी। पिता मुंबई में काम करते हैं। बताया जा रहा है कि बड़ी बहन जब रात 2 बजे टॉयलेट के लिए उठी तो बच्ची आंगन के ही एक कोने में मृत मिली।

### गांव में तैनात करना पड़ा था पुलिस बल

घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी विवेक कुमार लाल भी बुधवार को मौके पर पहुंच गए थे। लोगों का आक्रोश देख आसपास के थानों का बल भी बुला लिया गया था। बुधवार को ही पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या और दुष्कृत्य का अपराध दर्ज किया है।

# संजय दत्त बोले- खंडवा में कांग्रेस मजबूत, जीत जाएंगे

## पदाधिकारियों से कहा- बूथ लेवल पर जान फूंक दो, कोई समस्या हो तो बताओ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और मध्यप्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त ने गुरूवार को खंडवा में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। एक निजी होटल में बैठक के दौरान दत्त ने कहा कि पार्टी के सर्वे में खंडवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। ये सीट कांग्रेस के खाते में आ रही है। इसके लिए आवश्यक है कि हमारी मेहनत बूथ लेवल से शुरू होना चाहिए। किसी को कोई समस्या है तो मुझे बताएं। समन्वय बनाकर काम करना है। दत्त ने पदाधिकारियों से वन टू वन चर्चा भी की।

दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष की समीक्षा बैठक थी। बैठक में आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि भाजपा सांसद के प्रति आम जनता में भारी नाराजगी है। कांग्रेस नेतृत्व ने यह निर्णय लिया है कि इस बार बूथ कमेटी के माध्यम से लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा। हर नेता, कार्यकर्ता को बूथ की जवाबदारी दी जाएगी। हम लोग बूथ जीतेंगे तो ही चुनाव जीत पाएंगे। मेरा बूथ, सबसे मजबूतङ्घ इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

बैठक को पूर्व विधायक राजनारायणसिंह, लोकसभा प्रत्याशी नरेंद्र पटेल, अवधेश सिसोदिया ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने आश्वस्त किया कि इस बार सभी नेता एवं कार्यकर्ता एकजुट है। खंडवा लोकसभा

# ममता मीणा ने दिग्विजय के बेटे जयवर्धन को दिया चैलेंज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। बीते विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़ आम आदमी पार्टी में शामिल हुईं पूर्व एमएलए ममता मीणा इंडी गठबंधन के तहत राजगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह का प्रचार कर रही हैं। रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान ममता ने दिग्विजय के सामने ही उनके विधायक बेटे जयवर्धन सिंह को चैलेंज कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने कभी खुद के साथ काम करने वाले भाजपा प्रत्याशी पर जमकर भड़ास निकाली। रविवार को हुई चुनावी सभा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

दरअसल, राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह रविवार को प्रचार करने चांचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के अजगरी गांव पहुंचे थे। यहां सभा में दिग्विजय भी मौजूद थे। इसी जनसभा में ममता मीणा ने जो भाषण दिया वो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जनसभा में ममता मीणा ने कहा- राजा साहब (दिग्विजय सिंह) से एक चीज कहना चाहती हूं। आपके जो सुपुत्र विधायक हैं, वो यहां आए नहीं, मैं उनसे कहती कि हमारा कॉम्पिटिशन तो आपसे भी है। हम तो चाचौड़ा को एक नंबर पर लाएंगे और राघौगढ़ को भी पीछे छोड़ देंगे। पूरे मप्र में चाचौड़ा एक नंबर पर आना चाहिए।

### सांसद रोडमल ने खुद का विकास किया

पूर्व विधायक ममता मीणा ने कहा, मैं रोडमल नागर (भाजपा प्रत्याशी) से पूछना चाहती हूं कि चाचौड़ा विधानसभा के लिए क्या किया? कौन सी बड़ी योजना लेकर आए? जब मैं विधायक थी, मेरे कार्यकाल में काम मंजूर हुए थे, रोडमल नागर ये नहीं बता सकते कि वो सभी काम मैंने कराए। उन्होंने खुद का बहुत ज्यादा विकास कर लिया, यह चाचौड़ा क्षेत्र वालों से छुपा नहीं है।

### रोडमल अपने कार्यकर्ताओं को ही नहीं पहचानते

ममता मीणा ने कहा, जो सुख-दुख में हमारे बीच में 10 साल में कभी एक बार नहीं आया। अरे भैया, बेटे की शादी रोज नहीं होती, बेटी की शादी रोज नहीं होती। हमारे घर में अगर किसी की मौत होती है तो वह रोज थोड़ी मरते हैं। सुख-दुख के क्षण में किसी कार्यकर्ता के पास आए हो तो बताएं। अगर किसी मीटिंग में किसी ने कुछ पूछ लिया तो 50 लोगों के सामने ऐसा बुरा डांटते हैं कि उसकी शक्ल देखने लायक होती है। ऐसे तो कोई एसपी सिपाही को नहीं डांटता है। इससे भी ज्यादा बुरी स्थिति होती है।

### ईवीएम में गड़बड़ी न हो, कार्यकर्ता इसकी चिंता करें

ममता ने दिग्विजय सिंह की तरफ देखकर कहा, हमारे चांचौड़ा क्षेत्र के पटेल और जो हमारे क्षेत्र के लोग हैं। इनमें एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं है, जिनको आप नहीं जानते हैं। रोडमल नागर 10 साल में अपने कार्यकर्ताओं को नहीं जान पाए, गांव के पटेल को क्या जानेंगे? आप इधर-उधर की किसी की मत सुनो। आने वाले समय में क्षेत्र की आन, बान, शान के लिए, इंडिया गठबंधन की इज्जत के लिए एक नंबर पर चांचौड़ा विधानसभा को लेकर आइए। फर्जी मतदान न हो और ईवीएम में कहीं भी गड़बड़ी न हो।

# टायर में लगी आग दुकान तक पहुंची, लाखों का नुकसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। चिमनगंज मंडी की एक दुकान में गुरूवार को आग लगने की सूचना मिलने पर हड़कंप मच गया। सूचना के बाद दमकल गाडी मौके पर पहुंची। आगजनी से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग का वीडियो भी सामने आया है।**

चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि मंडी स्थित कृषि उपकरणों की दुकान कृष्णा ट्रेडर्स में अचानक आग लग गई। सबसे पहले आग वहाँ पड़े टायर में लगी और उसके बाद दुकान में जा पहुँची। आग से दुकान में रखे पाईप और अन्य उपकरण जल गए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगते ही मंडी में हड़कंप मच गया सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर पहुंचे दुकान संचालक झारसिंह ने बताया कि आग लगने के कारण पाईप और मोटर जल गए और बाहर खड़ा एक वाहन भी आग की चपेट में आ गया है। घटना में 1 लाख से अधिक का सामान जल कर नष्ट हो गया है।

# शांभर शावक का वन विभाग नहीं कर सका रेस्क्यू

**बैतूल।** शहर के दुर्गा वार्ड स्थित कत्ल ढाना में गुरवार (25 अप्रैल) को एक सांभर शावक 1 घंटे तक रिहायशी इलाके में एक घर के पास नाली में फंसा रहा। कुत्तों के हमले से घायल इस शावक को मोहल्ले वाले एक घंटे तक कुत्तों से बचाकर वन विभाग के रेस्क्यू के लिए रोके रखे रहे। हालांकि, बगैर कोई इंतजाम पहुंचे वन कर्मियों के रेस्क्यू शुरू करते ही यह घायल शावक भाग निकला। कत्ल ढाना निवासी शिक्षक गुलाब धुर्वे के घर के सामने यह शावक पास ही सटे जंगल से इधर आ गया था। कुत्तों ने घेरकर उसे जख्मी कर दिया था। कुत्तों को मोहल्ले के लोगों और बच्चों ने भगाया और इस शावक को मौके पर ही रोके रखा। करीब 5 बजे से साढ़े 6 बजे तक वे इसकी निगरानी करते रहे। इस बीच कुछ समाजसेवियों ने वन विभाग को सूचना भी भेजी लेकिन यहां कोई नहीं पहुंचा।

# संपादकीय

## आसान नहीं महंगाई पर काबू पाना

जैसी कि जलवायु परिवर्तन की वजह से विभिन्न क्षेत्रों पर बुरा असर पडने की आशंकाएं जताई जा रही हैं, कृषि क्षेत्र उनमें सबसे अधिक प्रभावित होगा। ऐसे में महंगाई पर काबू पाना रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बेरोजगारी बढने और प्रतिव्यक्ति आय कम होने से महंगाई की मार ज्यादा गहरी पड़ रही है। इससे निपटने के लिए रिजर्व बैंक को वैकल्पिक व्यवस्था बनानी पड़ेगी। यह निस्संदेह रिजर्व बैंक के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। वह महंगाई को चार फीसद के नीचे रखना चाहता है। इसलिए मार्च में जब खुदरा महंगाई 4.9 फीसद दर्ज हुई तो कुछ उत्साह देखा गया था। तब रिजर्व बैंक ने दावा किया था कि वह जल्दी ही महंगाई पर काबू पा लेगा। मगर अब मौसम का रुख देखते हुए उसे लगने लगा है कि यह काम आसान नहीं होगा। अभी जब गेहूं की फसल कट कर खलिहान में पहुंची है, तो देश के अनेक इलाकों में मूसलाधार बारिश ने उसे भिगो दिया। बहुत सारा अनाज गोदाम में पहुंचने से पहले ही भीग गया। इस तरह बहुत सारा अनाज सड़ कर बर्बाद हो जाएगा। यह अब जैसे हर वर्ष का सिलसिला हो गया है। बेमौसम बारिश हजारों टन अनाज बर्बाद कर डालती है। खुदरा महंगाई में सबसे अधिक चिंता खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों को लेकर है। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले अनाज और सब्जियों की कीमतें सामान्य आयवर्ग की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। इसकी एक वजह ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी भी है, जिससे ढुलाई पर खर्च बढ़ गया है। अभी जिस तरह की वैश्विक स्थितियां हैं उसमें आपूर्ति शृंखला गड़बड़ होने से कच्चे तेल की कीमतें अनिश्चित बनी हुई हैं। इससे भी रिजर्व बैंक की महंगाई को लेकर चिंता बनी हुई है। पहले रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते दुनिया भर में मुश्किलें पैदा हुई थीं, अब इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष में ईरान के कूद पड़े और उस पर अमेरिका की सख्त व्यापारिक पाबंदियों से संकट और गहरा हो गया है। भारत चूंकि कच्चे तेल के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है, ऐसी स्थिति में उसे तेल की कीमतें नीचे ला पाना कठिन होगा। मगर मौसम की मार से पार पाने का कोई रास्ता किसी के पास नजर नहीं आता। सर्दी, गर्मी, बरसात की अवधि असंतुलित हो गई है। एक ही वक्त में कहीं तेज बारिश और बाढ़ की वजह से फसलें चौपट हो जाती हैं, तो कहीं सूखे की वजह से। सर्दी की अवधि सिकुड़ने के चलते खासकर गेहूं की फसल पर बुरा असर पड़ रहा है। गर्मी का मौसम जल्दी शुरू हो जाने से गेहूं का उत्पादन कम हो रहा है। हमारे कृषि क्षेत्र का बड़ा हिस्सा आज भी मानसून पर निर्भर है। बहुत सारे इलाकों में सिंचाई के संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। जिस वर्ष उन इलाकों में बारिश कम होती है या नहीं होती, उस वर्ष वहां उत्पादन खासा नीचे चला जाता है। अभी तक का आकलन है कि मौसम का मिजाज गड़बड़ होने से सकल घरेलू उत्पाद में करीब डेढ़ फीसद तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**अर्ज किया है..!**

*तिरे बदन की महक को*
*गुलाब से तश्बीह*
*कि जैसे कोई दिखाए*
*चराग़ सूरज को*

-मारूफ़ रायबरेलवी

### महिला जगत

# शर्म स्त्री का गहना या आत्मविश्वास की कमी? आखिर महिलाओं के लिए शर्माना क्यों जरूरी

कोई तारीफ करे तो आप शर्मा जाती हैं? शर्मीलेपन के कारण आप अनजान लोगों से बात नहीं कर पातीं। आप गाना अच्छा गाती हैं, लेकिन कोई आपको गाने के लिए बोल दे तो आप झिझक महसूस करती हैं और उसे टालने की हर मुमकिन कोशिश करती हैं। व्यक्तित्व की इस कमजोरी को दूर करना जरूरी है।

छुट्टी के दिन संगीता के सास-ससुर, ननद, देवर तथा अन्य सभी सदस्य आए हुए हैं। सभी मिलकर उसके बेटे अरुण के लिए स्कूल का चुनाव कर रहे हैं। संगीता पढ़ी-लिखी नहीं है, जिस वजह से वह सभी के सामने अपनी राय रखने में झिझक रही है। वह इसलिए भी अपनी बात करने में झिझक और शर्म महसूस कर रही है, क्योंकि जब भी वह कोई बात अपने ससुराल वालों के सामने रखती है तो सभी उस पर हंसने लगते हैं और उसे कह देते हैं कि "तुम जानती ही क्या हो, जो अपनी राय दे रही हो।"

लेकिन जब भी वह सभी के लिए कुछ अच्छा बनाती है तो सब उसकी तारीफ करते हैं, जिस पर वह हल्का-सा मुस्कुराकर शर्मा जाती है। संगीता की सास को उसका यूं शर्माना अच्छा लगता है। इसके साथ ही संगीता हमेशा सामाजिक कार्यक्रमों में जाने और किसी से बात करने में भी शर्माती है। वह अक्सर ऐसी जगहों पर यह महसूस करती है कि वह अच्छी नहीं दिख रही, उसकी साड़ी ठीक नहीं है। वह जब भी लोगों को उसकी तरफ देखते हुए पाती है तो उसे लगता है कि वे उसके बारे में ही कुछ बातें बना रहे हैं, क्योंकि वह अच्छी नहीं लग रही।

क्या शर्मीलापन हमारे व्यक्तित्व से जुड़ी कोई ऐसी चीज है, जिसकी हमें जरूरत होती है? आमतौर पर महिलाओं में शर्मीलापन उनकी चारित्रिक शालीनता मानी जाती है, तो पुरुषों में इसे एक तरह से कमजोरी और आत्मविश्वास की कमी के तौर पर देखा जाता है। हमारा समाज भी हमेशा से यह कहता रहा है कि स्त्री के लिए शर्म गहने के समान है।

स्त्री अगर शर्मीली है तो उसे संस्कारवान समझा जाता है, लेकिन जब वह स्त्री बोलती है, अपनी राय रखती है तो वही लोग उसके चरित्र पर सवाल खड़े कर देते हैं। उसे कैसे चलना है, क्या पहनना है, कितना बोलना है और कैसे हंसना है, ये सब तय करने की कोशिश करते हैं। शील और शर्म ही महिला के चारित्रिक गुण हैं, ऐसा नहीं है। कई मामलों में यही शर्मीलापन उनके लिए मुसीबत बन जाता है। शर्मीले लोग अक्सर दूसरों से अपनी अवास्तविक तुलना करते हैं और यह मानते हैं कि दूसरे लोग उनके बारे में बुरा सोच रहे हैं। यही सोच उनके लिए नए अवसरों को खो देने का कारण भी बनती है।

शर्मीला होना हमारे व्यवहार का एक हिस्सा है, जो कि हम सभी के व्यवहार में होता है। वहीं किसी-किसी में यही शर्मीलापन इतना अधिक होता है कि यह उसकी कमजोरी बन जाता है। जब यह उसकी कमजोरी बनता है तो व्यक्ति लोगों के बीच हंसी का पात्र बन जाता है, जो कि उन्हें खुलकर जीने से भी रोकता है।

बचपन से युवावस्था का सफर और हमारा अनुभव तय करता है कि हम शर्मीले हैं या नहीं। कई बार शर्मीलापन हमारे माता-पिता की वजह से भी व्यवहार में आता है। बचपन में अतिसुरक्षा की आदत बच्चे को इतना कमजोर बना देती है कि उसका आत्मविश्वास डगमगा जाता है। बड़े होने पर आत्मविश्वास की यही कमजोरी शर्मीलेपन को जन्म देती है। यह शर्मीलापन आपको कैसे परेशान करता है? इसके पीछे भी कई मनोवैज्ञानिक कारण हैं, जिसका इलाज भी मनोवैज्ञानिक तरीके से ही किया जाता है।

### नहीं मिलता सही माहौल

जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, अपने व्यवहार को बांधना शुरू कर देते हैं। यहीं से पता चलता



है कि आप शर्मीली हैं या फिर खुला व्यवहार करने वाली। यदि आप शर्मीली हैं तो लोगों से बात करने में असहज महसूस करती हैं और आगे बढ़कर बात करने की पहल करने से बचती हैं। बस, यहीं से शुरू होता है आपके शर्मीलेपन का सफर।

आप शर्मीली हैं तो यह आपकी आदत नहीं है, बल्कि व्यवहारिक कमजोरी है। आप इसे इस प्रकार समझ सकती हैं, जैसे किसी बच्चे का स्वभाव शर्मीला है तो वह ग्रुप में खेलते या किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करते समय दूसरों से बातचीत न के बराबर करेगा और अपनी राय देने में असहज महसूस करेगा। असल में, जैसे-जैसे समय बीतता है, हम अपनी सहूलियत के हिसाब से ढलने लगते हैं। यहां तक कि सामाजिक परिस्थितियों में सक्रिय भागीदारी निभाने से भी बचते हैं। ऐसा अक्सर सही माहौल नहीं मिल पाने की वजह से होता है, जिस कारण हमारा आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाता।

### दूसरों के बारे में न सोचें

शर्मीलापन लोगों को अलग-अलग तरीकों से जीवन के हर क्षेत्र में प्रभावित करता है। यह हमें जीवन में आगे बढ़ने से भी रोकता है, क्योंकि हम उन चीजों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं, जो हमें सबसे सहज लगती हैं। जब कोई व्यक्ति अधिक शर्मीला होता है तो उसके लिए ऐसे क्षेत्र में कैरिअर बनाने की संभावना कम हो जाती है, जहां सामाजिक संपर्क की जरूरत ज्यादा होती है और यही शर्मीलेपन की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। शर्मीला होने के कारण कई बार व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में नजरअंदाज भी किया जाता है। इसके विपरीत जो लोग हर बातचीत में शामिल होते हैं, उन पर लोगों का ध्यान ज्यादा जाता है, जो कि उन्हें कैरिअर में आगे बढ़ाने में भी मदद करता है। मतलब यह कि आगे बढ़ने के लिए आपको अपने शर्मीलेपन पर काबू पाना चाहिए।

### अजनबी लोगों से बात

शर्मीले लोग अक्सर सामाजिक परिस्थितियों में खुद को आत्मविश्वासी रखने की इच्छा रखते हैं और उनके लिए ऐसा करना कोई मुश्किल काम भी नहीं होता है। बस, इसके लिए उन्हें थोड़ी कोशिश करने की जरूरत है। किसी दुकान से खरीदारी करते समय, बस का इंतजार करते हुए या पार्क में सैर-सपाटा करते वक्त अजनबियों से बातचीत करके आप ऐसा कर सकती हैं। इससे आपके सामाजिक संपर्क बनेंगे और आप खुलकर अपनी बात भी कर सकेंगी। शर्मीलापन कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, जिसे दूर न किया जा सके, लेकिन किसी व्यक्ति को बदलने की कोशिश तब तक नहीं की जा सकती, जब तक वह खुद ऐसा न करना चाहे। जरूरत इस बात की है कि आप अपनी कमजोरी को खुद पहचानें और उसका इलाज भी खुद करें।

### उचित इलाज जरूरी

देखा जाए तो शर्मीलेपन का प्रभाव व्यक्ति के व्यवहार पर पड़ता है। पश्चिमी देशों में शर्मीलेपन को व्यक्तित्व का हिस्सा नहीं माना जाता, बल्कि समस्या के रूप में देखा जाता है। कुछ स्थितियों में शर्म महसूस करना सामान्य बात है, लेकिन अगर यह जीवन को प्रभावित करने लगे तो चिंता का सबब बन जाती है। शर्मीलापन जब सामाजिक चिंता बन जाता है तो रोजमर्रा की जिंदगी पर गहरा असर डालता है और जब आदत बन जाता है तो व्यक्ति डर, चिंता या अनिश्चितता की भावना से ग्रस्त हो जाता है। कई लोगों को अपना शर्मीलापन भारी लगता है। इसे दूर करने के लिए उन्हें आत्मविश्वास जगाना चाहिए, तभी वे इस स्थिति से मुक्त हो सकते हैं।

### शर्म के भी कई प्रकार हैं

अमेरिका के शाइनेस रिसर्च इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक बर्नार्डो कार्डुसी शर्मीलेपन के क्षेत्र में काम करने वाले अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ता थे। उनके अध्ययन का मुख्य विषय लोगों को उनके जन्मजात शर्मीलेपन से उबरने में मदद करने के तरीकों को ढूंढना था। उन्होंने शर्मीलेपन को चिंताजनक प्रतिक्रियाओं और अत्यधिक आत्मचेतना तथा नकारात्मक आत्ममूल्यांकन की उपस्थिति के रूप में परिभाषित किया। उनका मानना था कि कुछ लोग स्वाभाविक रूप से दूसरों की तुलना में अधिक शर्मीले होते हैं।

उन्होंने शर्मीलेपन के तीन अलग-अलग घटकों की पहचान की, जिनमें पहला शारीरिक प्रभाव और दूसरा है आत्मचेतना, आत्मविश्वास की कमी, यह चिंता कि कोई देख रहा है और कहीं कुछ गलत हो जाने का डर शामिल है। वहीं तीसरा है व्यवहार में ऐसी स्थितियों से बचना, जिससे उन्हें शर्म आती हो। कार्डुसी के अनुसार, शर्मीले लोग नए हालात का सामना करने से बचते हैं, मगर अज्ञात डर का सामना करने से उन्हें आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

माना कि शर्मीला होना व्यवहार का एक हिस्सा है, लेकिन यह आपको परिभाषित नहीं करता। यह केवल एक अवगुण है, जो व्यक्ति को व्यक्तिगत होने से रोकता है। सामाजिक परिस्थितियों में आप कितनी शर्मीली हैं, इसकी चिंता करने के बजाय अपने मजबूत बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करें और किसी चिंता के बिना सामान्य सामाजिक स्थितियों का प्रबंधन करना सीखें। इनके साथ आप अपने शर्मीलेपन को अपनाएं।

### परवरिश का प्रभाव

सीनियर कंसल्टेंट साइकेट्रिस्ट डॉ. कृष्णा मिश्रा बताती हैं, बहुत ज्यादा शर्माने को आपकी आदत नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह एक तरह से आपके व्यक्तित्व की कमजोरी है। सच कहें तो वास्तव में शर्माना एक तरह की मानसिक बीमारी है, जिसका इलाज भी आपको खुद ही करना होता है। अब सवाल उठता है कि यह मानसिक बीमारी आती कहां से है तो इसका सबसे बड़ा कारण है गलत परवरिश। जब किसी बच्चे को बचपन से जरूरत से ज्यादा अनुशासन में रखा जाता है और उसे बात-बात पर टोका जाता है तो वह अपनी बात कहने में झिझकने लगता है। इसका नतीजा यह होता है कि बच्चा मन की बात किसी से कह नहीं पाता और धीरे-धीरे यह उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है।

वहीं दूसरा कारण है 'ओवर प्रोटेक्टिवनेस' यानी अत्यधिक सुरक्षा। आपने देखा होगा, कुछ परिजन अपने बच्चे को खुद ही खुलने का मौका नहीं देते। यहां तक कि उसे अकेले कहीं जाने नहीं देते और किसी के साथ खेलने भी नहीं देते हैं, जिसका बच्चे के विकास पर असर पड़ता है। जब वह बच्चा बड़ा होता है तो शर्माने की आदत का शिकार हो जाता है। ऐसे में आत्मविश्वास भी उसका साथ नहीं देता, फिर भले ही वह पढ़ने में कितना ही अच्छा हो। वह कभी सार्वजनिक बातचीत का हिस्सा भी नहीं बन पाता और मंच पर बोलना छोड़िए, वह मंच पर चढ़ने से भी बचने लगता है। यह बीमारी है, जिसका इलाज करने से पहले यह समझने की कोशिश की जाती है कि आखिर अड़चन कहां है! जब यह पता चल जाता है कि समस्या कहां है तो फिर काउंसलिंग से उसका इलाज करने की कोशिश की जाती है।

New Delhi

# EVM को सुप्रीम क्लीन चिट... नहीं लौटेगा बैलेट पेपर VVPAT वेरिफिकेशन की भी सभी याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को शुक्रवार को खारिज कर दिया है. बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है.

कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है. ये फैसला जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने सहमति से दिया है.

**क्या है सुप्रीम कोर्ट का फैसला**?- सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में साफ कर दिया है कि मतदान ईवीएम मशीन से ही होगा. ईवीएम-वीवीपैट का 100 फीसदी मिलान नहीं किया जाएगा. 45 दिनों तक वीवीपैट की पर्ची सुरक्षित रहेगी. ये पर्चियां उम्मीदवारों के हस्ताक्षर के साथ सुरक्षित रहेगी. कोर्ट ने सिंबल लोडिंग यूनिट सील करने का निर्देश दिया है. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) और इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ECIL) ने 2013 में VVPAT यानी वोटर वेरिफाइएबल पेपर ऑडिट ट्रेल मशीनें डिजाइन की थीं. ये दोनों वही सरकारी कंपनियां हैं, जो EVM यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें भी बनाती हैं.



VVPAT मशीनों का सबसे पहले इस्तेमाल 2013 के नागालैंड विधानसभा चुनाव के दौरान हुआ था. इसके बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में कुछ सीटों पर भी इस मशीन को लगाया गया. बाद में 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में भी इनका इस्तेमाल हुआ.

Bihar

**बिहार में बड़ा हादसा...**

## शादी में आतिशबाजी से घर में लगी आग, सिलेंडर फटा, एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत



**दरभंगा, (एजेंसी)** बिहार के दरभंगा में बड़ा हादसा हो गया है. यहां बारात में आतिशबाजी के कारण एक घर में आग लग गई. इससे एक ही परिवार के छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है. घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के अनुसार, यह घटना दरभंगा जिले के अलीनगर प्रखंड के अंटोर गांव की है. यहां गांव में शादी समारोह चल रहा था. इस दौरान शादी में लोग आतिशबाजी चला रहे थे. इसी बीच किसी तरह आतिशबाजी की चिंगारी से घर में आग लग गई. देखते ही देखते आग इतनी फैल गई कि उसे बुझाना मुश्किल हो गया.

घर में रखे गैस सिलेंडर तक आग पहुंच गई और कुछ देर बाद सिलेंडर में जोरदार धमाका (cylinder exploded) हो गया. इसके बाद दरवाजे पर रखे डीजल के ड्रम में भी आग लग गई, जिससे मामला और भयावह हो गया. देखते ही देखते पूरे घर में आग की लपटें उठने लगीं.

हर तरफ चीख-पुकार मच गई. लोग जान बचाकर इधर उधर भागने लगे. पूरा घर का सामान जलकर खाक हो गया. इस दौरान आसपास के इलाके में दहशत फैल गई. दूर तक आग की लपटें नजर आईं. आनन-फानन में लोगों ने सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी. इस घटना में एक ही परिवार के छह लोग आग की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई.

Uttarpradesh

## कहीं EVM की गड़बड़ी, कहीं धमकाने का आरोप; दूसरे चरण में भी सपा ने लगाई शिकायतों की झड़ी

**लखनऊ, (एजेंसी)** देश के 12 राज्यों के साथ यूपी की आठ सीटों पर दूसरे चरण का मतदान सुबह सात बजे से जारी है। इस दौरान समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर पुलिस- प्रशासन पर आरोपों की झड़ी लगा दी है। सपा का कहना है कि कहीं ईवीएम खराब हो रही है तो कहीं पुलिस मतदाताओं को धमका रही है। उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण में 17704 पोलिंग बूथ और 7797 केन्द्र हैं। इनमें 3472 संवेदनशील बूथ हैं।

समाजवादी पार्टी ने दूसरे चरण के मतदान के दौरान किसी भी तरह की समस्या, अनियमितता आने पर अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए खास नंबर भी जारी किए हैं। शिकायतों का सिलसिला वोटिंग शुरू होने के बाद से ही जारी है। सपा ने अपने अधिकारिक एक्स अकाउंट पर गौतमबुद्ध नगर लोकसभा के ग्रेटर नोएडा में बूथ संख्या 1 और 7 पर ईवीएम मशीन की खराब से अपनी शिकायतों की शुरुआत की। पार्टी ने चुनाव आयोग से इसका संज्ञान लेने की मांग की। इसके बाद आरोप लगाया गया कि अमरोहा लोकसभा के चांदनगर में बूथ संख्या 219 पर 25 मिनट की देरी से मतदान शुरू

Maharashtra

## अवसरवादी हैं नीतीश, अटल बिहारी वाजपेयी होते तो नहीं टूटती शिवसेना और एनसीपी: शरद पवार

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार का कहना है कि विपक्षी गठबंधन INDIA को 4 जून के बाद भी साथ रहना होगा। इस दौरान उन्होंने जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार को भी 'अवसरवादी' करार दे दिया। उन्होंने कहा कि अगर 'हम' साथ काम नहीं करेंगे, तो लोकतंत्र मुश्किल में आ जाएगा। शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (SP) राज्य की 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में जब विपक्षी गठबंधन को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने साथ रहने की जरूरत पर बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन नीतीश कुमार अवसरवादी हैं। INDIA गुट के अन्य लोगों के बारे में ऐसा है कि हम हो सकता है कि चुनाव के दौरान साथ काम नहीं कर रहे हों, उदाहरण के लिए ममता बनर्जी, लेकिन आम धारणा है कि चुनाव के बाद हमें साथ रहना होगा।' उन्होंने कहा, 'बहुमत हो या न हो, हमें साथ काम करना ही होगा। अगर हम साथ काम नहीं करेंगे, तो संसदीय लोकतंत्र मुश्किल में पड़ जाएगा।' बारामती सीट को पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। फिलहाल, यहां सीनियर पवार की बेटी सुप्रिया सुले सांसद हैं। यहां चुनाव को लेकर शरद पवार ने कहा, 'मेरी समझ है कि केंद्र सरकार अपनी पूरी ताकत लगा रही है (सुप्रिया को हराने में)। सभी एजेंसियां सक्रिय हैं और काफी धनबल भी नजर आ रहा है। देखना होगा कि क्या होता है।'

खेल

**हैदराबाद टीम हारी, बेंगलुरु जीता**

# विराट कोहली और रजत पाटीदार के बाद गेंदबाजों का कहर...

**हैदराबाद.** फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) टीम जीत की पटरी पर लौट आई है. उसने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 सीजन में लगातार 6 हार के पहली जीत दर्ज की है. गुरुवार (25 अप्रैल) को खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) को 35 रनों से शिकस्त दी.

यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया, जिसमें आरसीबी ने 207 रनों का टारगेट सेट किया था. जवाब में हैदराबाद टीम अपने घर में 8 विकेट गंवाकर 171 रन ही बना सकी और मैच गंवा दिया.

### आरसीबी के हर एक गेंदबाज ने किया धांसू प्रदर्शन

सनराइजर्स के लिए कोई भी बल्लेबाज अपनी छाप नहीं छोड़ सका. शाहबाज अहमद ने 40 रनों की नाबाद पारी खेली. जबकि अभिषेक शर्मा और कप्तान पैट कमिंस ने बराबर 31-31 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 का आंकड़ा नहीं छू सका. जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए हर एक गेंदबाज ने धांसू प्रदर्शन किया है. स्पिनर स्वप्निल सिंह, कर्ण शर्मा और तेज गेंदबाज कैमरन ग्रीन ने 2-2 विकेट हासिल किए. इनके अलावा विल जैक्स और यश दयाल को 1-1 सफलता मिली.




### कोहली और रजत ने जड़ी तूफानी फिफ्टी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 7 विकेट गंवाकर 206 रन बनाए. टीम के लिए विराट कोहली और रजत पाटीदार ने ताबड़तोड़ अंदाज में फिफ्टी जमाई. रजत ने 19 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया. उन्होंने 20 गेंदों पर 50 रन बनाए. जबकि कोहली ने 43 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली. आखिर में कैमरन ग्रीन ने मोर्चा संभाला और 20 गेंदों पर नाबाद 37 रन जड़ दिए. दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद टीम के लिए तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट बेहतरीन साबित हुए. उन्होंने 3 विकेट लिए, जबकि टी नटराजन ने 2 विकेट झटके. मयंक मार्कंडे और पैट कमिंस को 1-1 सफलता मिली.

सिनेमा

## हीरामंडी : जब भंसाली ने आखिरी में बदला सीन, ऋचा चड्ढा ने पहली बार दिए 99 रीटेक



बॉलीवुड में जिन एक्ट्रेसेज के काम को अच्छी परफॉर्मेंस का पैमाना मना जाता है, ऋचा चड्ढा उनमें से एक हैं. लेकिन अपने अगले प्रोजेक्ट 'हीरामंडी' के लिए ऋचा ने इतनी बार रीटेक दिए, कि उनके फैन्स को शायद एक बार में यकीन न हो! और इसके पीछे वजह हैं डायरेक्टर संजय लीला भंसाली.

भंसाली को इंडस्ट्री के सबसे इंटेंस फिल्ममेकर्स में गिना जाता है. उनके साथ काम कर चुके रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जैसे एक्टर्स बताते रहे हैं कि वो एक-एक शॉट के लिए कितनी मेहनत करवाते हैं. अब ऋचा ने बताया है कि भंसाली के साथ परफेक्ट शॉट कैसा होता है.

इंडिया टुडे के साथ एक खास इंटरव्यू में ऋचा ने बताया कि भंसाली के सेट पर एक परफेक्ट शॉट देने में क्या एफर्ट लगता है. उन्होंने बताया कि कैसे एक लास्ट मिनट बदलाव की वजह से उन्हें रिहर्सल करने का टाइम नहीं मिला और शूट के उस दिन उन्होंने 99 रीटेक देने पड़े.

ऋचा ने बताया, 'मैं आपको बताना चाहती हूं कि मुझे रिहर्सल के लिए टाइम नहीं मिला क्योंकि हमने एक अलग कोरियोग्राफी तैयार की थी और शूट वाले दिन वो (भंसाली) बोले- 'ये कैंसिल करके अब तुम ये कर दो...' और मुझे बहुत मुश्किल हुई.'

## Highlights

1. **Old video viral claiming inverted tricolour on Congress hoardings**
2. **24-yr-old man posing as Singapore Airlines pilot caught with fake ID, uniform at Delhi Airport**
3. **Maharashtra LS Polls: Phase 5 Nominations Open, Candidates Missing**
4. **After Repeated Warnings, Pragya Thakur appears before court**
5. **SC rejects pleas seeking 100% verification of EVM votes with VVPAT slips**
6. **102-yr-old man casts his vote for LS polls in J&K, pics surface**

# Amazon founder Jeff Bezos swears by this key productivity booster - know how to set your mind free

**NEW DEIHI, (Agency).** Jeff Bezos, the founder of Amazon, takes a different approach to scheduling the working day compared to many other executives. Instead of filling his schedule with back-to-back meetings and strict time blocks, Bezos prioritizes giving himself and his teams enough time for creative thinking. He believes in allowing space for ideas to develop and discussions to unfold naturally, rather than adhering strictly to a rigid schedule.

In an episode of Lex Fridman Podcast in 2023, he said, "I don't keep to a strict schedule," and added, "My meetings often go longer than I plan for them to, because I believe in [mind] wandering." He even dubbed it as "messy meeting."



No specified time allocation was given to them in terms of minutes and hours. It was all kept spontaneous. He explained, "When I sit down [in] a meeting, I don't know how long the meeting is going to take if we're trying to solve a problem."

In these meetings, he highlighted the most important aspect - wandering. He said, "The reality is we may have to wander for a long time ... I think there's certainly nothing more fun than sitting at a whiteboard with a group of smart people and spit-balling and coming up with new ideas and objections to those ideas, and then solutions to the objections and going back and forth."

He recognised this habit may not be widely appreciated by many and some would even call them "inefficient" and prefer the 'time blocking' technique, but he said it is backed by studies that show this specific way of holding meetings may actually help increase productivity, creativity and even happiness.

# Ashneer Grover mocks Kotak Mahindra Bank: 'LOL! Banks se tech nahi ho rahi'

**NEW DEIHI, (Agency).** Ashneer Grover made a snide remark at Kotak Mahindra Bank after the lender's share prices dropped 10%. The Reserve Bank of India's (RBI) ordered the bank to stop adding new customers through its online platforms and halt issuing new credit cards which resulted in the fall in share prices. RBI said that the bank's IT system has been facing issues in the past two years.

Ashneer Grover posted on X (formerly Twitter) along with an article on Kotak Mahindra Bank's drop in share prices: "LOL ! Irony: Banks se Tech nahi ho rahi. Fintech se Banking nahi ho rahi (banks can't manage tech; Fintech can't manage banking)."



Several users responded to Ashneer Grover's tweet. One wrote, "This RBI will make sure to do the "Bedagarak" of the tech fusion, they are still latched to the same LaLa Ji Style banking technique... Old rules don't go well with tech and tech doesn't go easy on the rotten old mindset leaders who are absolutely unwilling for a change.. But globally Digital India ke naare buland hai."

Another quipped, "Aap Dream11 pe team bana lijiye phir," wrote another. "mujhse padhai nahi ho rhi."

A third user commented, "after grand success of destroying shareholder value in Paytm, Hdfc bank, Iifl finance, Jm financial, here comes another victim of RBI-- Kotak mahindra bank."

Ashneer Grover sent a legal notice to Uday Kotak, the managing director and CEO of Kotak Mahindra Bank, and his team in October 2021 as he accused the bank of not providing help with funding and share allocation for the Nykaa IPO.

# दूध की एजेंसी के नाम पर 8 लाख ठगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर में 8 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। एक बदमाश ने खुद को फर्नीचर व्यापारी बताया और इंजीनियर से मिला। उन्हें बातों में उलझाकर करीब 8 लाख ठग लिए। पीड़ित इंजीनियर ने इस मामले में पुलिस अफसरों से शिकायत की। पुलिस ने जांच कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक अमित टूटेजा निवासी सार्थक विहार कॉलोनी की शिकायत पर आनंद चौकसे पर 8 लाख की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। अमित टूटेजा ने बताया कि वह सॉफ्टवेअर इंजीनियर है। अपने दोस्त विशाल राठौर से नया बिजनेस शुरू करने की बात कही थी। इसी मामले में मैं विशाल राठौर के साथ आनंद चौकसे से मिला। आनंद एक गोदाम में बैठा था, जहां फर्नीचर रखा हुआ था। उसने खुद को मालिक बताया और कहा कि वह अमूल दूध व अन्य एजेंसी दिलाने का काम भी करता है। इसके बाद आनंद ने किड्स स्कूल फ्रेंचाइजी, मसालों की एजेंसी के बारे में बताया।

इसके बाद उसने कहा कि वह बड़ी होटलो में अमूल दूध सप्लाय करता है। उसने कहा कि 10 से 15 लाख रुपए में यह काम शुरू कर सकते हो। अमित ने कहा कि इतना पैसा वह नहीं है ब आनंद ने कहा कि 5 से 8 लाख रुपए दे दो, फिर मैं संभाल लूंगा। उसने सिक्योरिटी के चलते खुद के दो चेक देने की भी बात की। फिर दो लोगों को बीच में रखकर एग्रीमेंट कर लिया। इसके बाद लॉकडाउन लग गया। आनंद ने कहा कि मार्केट खुलते ही एजेंसी दिलवा देगा। इसके बाद लॉक डाउन खुला तो कई बार आनंद से बात की। लेकिन वह टालता रहा। फिर उसने कॉल उठाना बंद कर दिया। हमें पता चला कि आनंद ने और भी लोगों से इसी तरह से ठगी की है। उसने जो दो चेक दिए थे वे बाउंस हो गए। आनंद ने विशाल और उसके रिश्तेदारों से भी इसी तरह लाखों रुपए लेकर ठगी की। पुलिस इस मामले में अब आनंद की तलाश कर रही है।

# ऑटो चालक पर जानलेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में ऑटो को लेकर दो जगह विवाद हुए। एक जगह ऑटो चालक पर हमला हुआ है। वहीं दूसरी जगह महिला के साथ मारपाह्ट हुई है। पहला मामला सदर बाजार थाना इलाके का है। घायल ऑटो चालक का नाम अब्दुल वसीम पिता अब्दुल रशीद निवासी जूना रिसाला है। उसकी शिकायत पर अज्ञात हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि ईदगाह गार्डन सदर बाजार रोड पर उसे चाकू मारे गए। दरअसल वहां पर एक बारात निकल रही थी, ऑटो रिक्शा को साइड में खड़ा करने की बात पर बराती से विवाद हो गया। उसी के चलते एक अनजान युवक ने उसे चाकू से गोद डाला। इधर खजराना में नीलोफर पति आबिद अली निवासी हाजी कॉलोनी के साथ मारपीट हुई है। नीलोफर ने पुलिस को बताया कि उसके मामा का लोडिंग रिक्शा उसके घर के सामने खड़ा था, पास ही में रहने वाले जाहिद ने लोडिंग रिक्शा हटाने को कहा। नीलोफर ने कहा कि मामा के आते ही गाड़ी हटवा देंगे। जाहिद तब तो चला गया लेकिन थोड़ी देर में आया और महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। नीलोफर थाने रिपोर्ट दर्ज करवाने जाने लगी तो रास्ते में उसे दोबारा रोक कर मारा पीटा।

# खड़े ट्रक में जा घुसी कार कंपनी कर्मचारी की गई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर से देवास के लिये निकले निजी कंपनी के कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी कार डाकाच्या के यहां सड़क पर खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। देर रात पुलिस ने परिवार को सूचना की। जिसमें अलसुबह परिवार एमवाय अस्पताल पहुंचा। शिप्रा पुलिस के मुताबिक घटना रिलायस पेट्रोप पंप के पास डाकाच्या की है। यहां एक पंचर की दुकान के पास खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। जिसमें एहतेश्याम (49) पुत्र मोसीनुल्ला निवासी महावीर नगर कालानी बाग देवास की मौत हो गई। एहतेश्याम पार्थ इंडिया कंपनी में काम करते है। उनकी कंपनी का फूटी कोठी पर ब्रिज बनाने का काम चल रहा है। रात में एहतेश्याम यहां से करीब 1 बजे बाद काम निपटाकर निकले थे। जिसमें रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। परिवार के लोगो ने बताया कि रात में वह रात में करीब 9 बजे काम खत्म घर आ जाते थे। लेकिन रात में उन्होंने पत्नी से बात करते हुए देर से आने की बात कही थी। उन्होंने बताया था कि प्रोजेक्ट पर कुछ काम निपटवाना है। एहतेश्याम हर दिन अपनी कार से ही इंदौर से देवास के बीच ट्रेवल करते थे। उनके परिवार दो बेटे और पत्नी है। पुलिस ने रात में ट्रक जब्त कर थाने ले गई।

## फाइबर केबल डालने के दौरान करंट लगने से मौत

निजी मोबाइल कंपनी के कर्मचारी की गुरूवार देर रात करंट लगने से मौत हो गई। वह 15 फीट उंचाई से नीचे आ गिरा। वह रात में कंपनी के सीनियर के साथ फाइबर आप्टीकल केबल डालने का काम कर रहा था। राउ पुलिस के मुताबिक घटना सर्कल के पास की है। इस्तियाक(28) निवासी पीथमपुर की यहां करंट लगने से मौत हो गई। कंपनी के सीनियर अमन ने बताया कि वह जियो कंपनी के लिये काम करते है। रात में जिओ नेटवर्क में आ रही दिक्कत को लेकर केबल डालने का काम किया जा रहा था। जिस पर सीढी लगाकर इस्तियाक एक पोल पर चढ़ा। यहां केबल डालने के लिये उसने रस्सी बांधकर उसे फेंका। जिसमें उपर से जा रही हाईटेंशन लाईन से केबल टकरा गई। कर्मचारी इस दौरान झटके साथ नीचे गिर गया। उसे नजदीक के अस्पताल लेकर जाया गया। यहां से उसे एमवाय भेजा गया। डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक इस्तिहाक पीथमपुर से राउ के बीच केबल रिपेरिंग का काम देखता था। अभी उसके परिवार से संपर्क नही हो पाया है।

# महिला कर्मचारी से छेड़छाड़

## बर्थडे पर गिफ्ट देना है फिर बुरी नीयत से सीनियर ने टच किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गुमाश्ता नगर स्थित एक हास्पिटल में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने यहां काम कर रही महिला कर्मचारी के साथ अश्लील हरकत की है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम अयाज खान निवासी नायता मुडंला है। उसके खिलाफ 24 साल की कर्मचारी ने छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। महिला के मुताबिक आरोपी उसका सिनियर है। गुरूवार को अयाज खान की बर्थडे पार्टी थी। जो खत्म होने के बाद युवती अपने काम में लग गई। पीडिता ने बताया कि वह अरिहंत हास्पिटल में काम कर रही थी। तभी आरोपी उसके पाया आया ओर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद बर्थडे पर गिफ्ट देने की बात करते हुए बुरी नीयत से टच किया। जब उसे इस तरह की हरकत से रोका और एडमिन को शिकायत की। यहां पीडिता ने बताया कि आरोपी पहले भी गलत तरीके से टच कर चुका है। आए दिन उस पर अश्लील कमेंट करता है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

# इंस्ट्राग्राम पर किया बदनाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा थाने पर एक युवती ने शिकायत दर्ज कराइ है कि जनवरी में उसका जीमेंल अकाउंट हैक किया गया। उसमें उसका पर्सनल डाटा के साथ कुछ फोटो भी निकाले गए। इसके बाद 4 इंस्ट्राग्राम अकांउट बनाए गए। उन अकाउंट पर युवती के फोटो एडिट कर अपलोड किये गए। जिसमें अश्लील कमेंट्स किये जा रहे है। इस मामले में पीडिता ने जनवरी माह में ही पुलिस को आवेदन दे दिया। लेकिन उसके अंकाउट ओर मोबाइल नंबरो पर लगातार अश्लील मैसेज आने के चलते उसने अफसरों को मामले की शिकायत की। जिसमें दो मोबाइल नंबरो पर पुलिस ने आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# आईआईएम के प्रशासनिक अफसर के यहां चोरी

## ताला तोड़ कर अलमारी से रुपए ले गए बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आईआईएम इंदौर के प्रशासनिक अफसर के यहां चोरी हो गई। वह अपने चचेरे भाई की शादी में बाहर गए थे। इस दौरान बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक माधव मुजाल्दा निवासी सीएच कादम्बरी नगर की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

माधव ने बताया कि वह आईआईएम में प्रशासनिक अधिकारी है। वह अपनी भाई की शादी में लखनादौन चले गए थे। एक दिन पहले वापस आए तो घर का ताला टूटा मिला। अलमारी में रखे रुपए गायब थे। इसके बाद वह थाने पहुंचे और पुलिस अफसरों से बात कर शिकायत दर्ज कराई।

**शादी समारोह से भी बैग उड़ाया-** हीरानगर में एक गार्डन में शादी समारोह में चोरी हो गई। इस दौरान एक नाबालिग लडका वहां से बैग ले जाता दिखाई दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के बाद मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हीरानगर पुलिस के मुताबिक तनिष्क पुत्र महेश मिश्रा निवासी क्लर्क कॉलोनी ने बताया कि वह एसी इंस्टालेशन का काम करते हैं। मंगल परिसर गार्डन में उनका शादी समारोह का प्रोग्राम था। इस दौरान बहन परिधि रावत ने एक बैग जिसमें शादी में आए हुए लिफाफे रखे हुए थे। उसमें एक मंगलसूत्र, सोने की नथ और मोबाइल भी रखा था। उसने बैग को एक ओर रखा तो कुछ ही देर में वहां से गायब हो गया। बहन और परिवार के लोगों ने साथ बैग ढूंढा पर नहीं मिला। इसके बाद वीडियो देखे। जिसमें एक नाबालिग स्टेज के पास से बैग चुराता दिखाई दिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक